मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 65, मुंबई, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




# अजमेर में मस्जिद के अंदर मौलाना का कत्ल

## 3 नकाबपोशों ने पीट-पीटकर मार डाला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अजमेर।** ख्वाजा नगरी के नाम से मशहूर राजस्थान के अजमेर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पीट-पीट कर एक मौलाना की हत्या कर दी गई। यह हत्या कहीं और नहीं बल्कि मस्जिद में ही की गई। तीन बदमाशों ने लाठी और डंडों से मौलाना को पीटा। जिस वक्त यह सब कुछ हुआ उस दौरान बच्चे भी थे लेकिन बदमाशों ने उन्हें धमकी दे दी कि कुछ भी कहा तो जान से मार देंगे। पूरा मामला रामगंज थाना इलाके के मोहम्मदी मदीना मस्जिद का है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### मौत के कारणों का खुलासा नहीं

घटना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची है। जिनका कहना है कि अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि मस्जिद के पीछे बने बाड़े से 2 डंडे बरामद हुए हैं। फिलहाल अब डॉग स्क्वायड मौके से साक्ष्य जुटा रहा है। जिस दौरान यह पूरा घटनाक्रम हुआ उस वक्त मौलाना गहरी नींद में थे।

**मुस्लिम महासभा राजसमंद द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन राजसमंद जिला कलेक्टर महोदय को देकर मांग की गई है कि मौलाना के कातिलों को गिरफ्तार कर फाँसी दी जाए, कातिलों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं होने से मुस्लिम समाज आहत हुई है**

### चीखते-चिल्लाते रहे...लेकिन कोई बचाने नहीं आया

### मौलाना के साथ मस्जिद में सोए थे बच्चे

लोगों ने बताया कि मौलाना उन बच्चों को पढ़ते थे। रात्रि 3 बजे तीन नकाबपोश बदमाश पीछे के रास्ते से मस्जिद में घुसे और बच्चों को डरा धमका कर बाहर भगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने लाठी और डंडों से पीट-पीटकर मौलाना मोहम्मद माहिर की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए थे।




# भीषण गर्मी के लिए रहो तैयार

## मुंबई में पारा जाएगा 40 के पार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में हीट वेव का अलर्ट जारी किया जा चुका है। बढ़ी रही चुनावी सरगर्मियों के बीच तपते सूरज ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी का पारा) 40 के पार जा सकता है। इसलिए मुंबईकरों को भीषण गर्मी का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। वह सावधानियां बरतनी बेहद जरूरी हैं जो आपके स्वास्थ्य का बचाव कर सकें। मौसम विभाग ने शनिवार 27 से सोमवार 29 अप्रैल तक हीट वेव का पूर्वानुमान व्यक्त किया था। 29 अप्रैल को मुंबई नवी मुंबई और ठाणे में गर्म हवा ने जनता को बेहाल कर दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**बरतें सावधानियां :** मौसम विभाग ने लोगों से घर से बाहर निकलते समय सावधानियां बरतने की अपील की है। जरूरी न हो तो दोपहर में घर से बाहर निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते वक्त सिर ढकने के लिए टोपी और छाते का इस्तेमाल करें। संतुलित भोजन करें। बच्चे, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखें।

# मुंबई सीएसएमटी स्टेशन पर पटरी से उतरी लोकल ट्रेन की बोगी

## हर्बल लाईन के साथ साथ गोरेगांव से सीएसटी जाने वाली गाड़ियों पर भी पड़ा असर



**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर हार्बर लाइन पर सोमवार को सुबह एक लोकल ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गयी। गनीमत यह रही कि घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है। हालांकि, इसके कारण मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन की कई गाड़ियां प्रभावित हुई है। सेंट्रल रेलवे ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि राहत और बचाव और पटरी की मरम्मत का काम पूरे जोर के साथ चल रहा है। हालांकि मुख्य लाइन पर कोई बाधा नहीं है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# बेस्ट डिपो की जमीन अडानी के जेब में!

## वर्कर्स यूनियन ने दी विरोध की चेतवानी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बेस्ट को धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए सायन ईस्ट में दो बस डिपो धारावी और काला किल्ला की अपनी जमीन सौंपने के लिए प्रस्तावित पैकेज के हिस्से के रूप में अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये मिलेंगे। मिली जानकारी के अनुसार डिपो में परिवहन विभाग बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टर के बड़े पुनरुद्धार और साइट पर बसों के लिए 56% अधिक पार्किंग स्थान बनाने की योजना बनाई गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मणिपुर का क्या होगा?




**मणिपुर में समस्या सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं है। बल्कि ये सामाजिक स्तर पर चौड़ी होती गई खाई का परिणाम हैं। आरोप यह है कि सामुदायिक आधार पर अविश्वास की खाई को बढ़ाने में सत्ताधारी भाजपा के समर्थकों की भी भूमिका रही है।**

मणिपुर में हिंसा भड़के एक साल पूरा होने जा रहा है। पिछले वर्ष मई के पहले सप्ताह में वहां हिंसा की शुरुआत हुई थी। अब तक इस पर लगाम लगने को कोई संकेत नहीं है। बीते शनिवार को सीआरपीएफ के दो जवानों की हत्या कर दी गई। उसी मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग में कुकी समुदाय की एक महिला की भी मौत हो गई। रविवार को फिर एक व्यक्ति की जान गई। इस वर्ष एक रुझान यह देखने को मिला है कि सुरक्षा बलों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि राज्य के लोगों-खासकर कुकी समुदाय में पुलिस और केंद्रीय बलों को लेकर भारी नाराजगी है। पिछले साल भी कई जगह महिलाओं ने केंद्रीय बल के जवानों को अपने इलाके में नहीं घुसने दिया था। इसी बीच लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान कई इलाकों से ईवीएम में तोड़-फोड़, वोटरों को धमकाने और हिंसा की कई खबरें सामने आई थी। इन घटनाओं के कारण अनेक मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराना पड़ा। हालात ऐसे हैं कि पिछले एक साल में हत्या और आगजनी के छह हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं और करीब दो सौ लोग गिरफ्तार किए गए हैं। राज्य में 36 हजार सुरक्षाकर्मी और अतिरिक्त 40 आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया गया है। फिर भी हालात संभल नहीं रहे हैं। स्पष्टतः इसका कारण यह है कि मणिपुर में जारी हालात सिर्फ कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं। बल्कि ये सामाजिक स्तर पर चौड़ी होती गई खाई का परिणाम हैं। आरोप यह है कि सामुदायिक आधार पर अविश्वास की खाई को बढ़ाने में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों की भी भूमिका रही है। गौरतलब है कि मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई तबके को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की हाई कोर्ट की सिफारिश के बाद राज्य में हिंसा भड़की थी। आरोप है कि बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए राज्य सरकार ने एकतरफा नजरिया अपनाया। केंद्र की भूमिका भी संदिग्ध रही है। नतीजा, मणिपुर का एक नासूर में तब्दील हो जाना है। यह नासूर गहराता ही जा रहा है।

## नसबंदी ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत का मामला

# इंदौर के डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अल**

**धार।** धार जिले के उमरबन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गत 29 दिंसबर की शाम को नसबंदी के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में चार माह वरबाद 27 अप्रेल की शाम को उमरबन चौंकी पर इंदौर के निजी अस्पताल करुणा मैटरनिटी नर्सिंग होम का अनुबंध के डॉक्टर हेमंत पिता श्रीराम कंसल (अग्रवाल) निवासी एमरेल-6 सिल्वर स्प्रिंग फेस-2 बायपास रोड इन्दौर के खिलाफ धार 304 भादवि में प्रकरण दर्ज किया गया है। मनावर टीआई कमलेश सिंगार ने बताया कि थाना मनावर के मर्ग क्रमांक 190/2023 धारा 174 जा.फौ. 29 दिंसबर 2023 को उमरबन के ग्राम लवाणी सुरानी की रहने वाली महिला लक्ष्मीबाई बघेल (27) की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। जिसको लेकर परिजन ओर पति राकेश बघेल, भाई धर्मेन्द्र चौहान, माता रेशमबाई चौहान, भाई जितेन्द्र चौहान के पुलिस ने कथन लिये गये थे।


पुलिस ने कथनों के आधार सीएचसी उमरबन में 86 महिलाओं का एलटीटी आपरेशन के बाद मृतिका लक्ष्मीबाई बघेल का एलटीटी आपरेशन डाक्टर हेमंत कंसल द्वारा करते समय मृत्यु होना तथा मृतिका लक्ष्मी बघेल की प्राथमिक मर्ग जांच इंटीमेंशन, सफिना फार्म जारी कर शव का पंचनामा बनाकर सिविल अस्पताल मनावर में डॉक्टरों की पेनल बनाकर पीएम कराया गया था। मामले को लेकर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ अधिकारी ने डॉक्टर हेमंत कंसल के खिलाफ विरुध्द जांच कर 26 अप्रेल को पुलिस प्रशासन को पत्र प्राप्त हुआ जिसका अवलोकन करते डक्टर हेमंत कंसल ओर उनकी टीम को



संस्था द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के तहत प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिन में अधिकतम 30 नसबंदी केस किये जायेंगे। अधिकारियों के जाँच प्रतिवेदन में डॉ हेमंत कंसल द्वारा सीएचसी उमरबन में 87 महिलाओं का एलटीटी आपरेशन किये गये सबसे अंतिम मृतिका लक्ष्मी पति राकेश बघेल का एलटीटीआपरेशन के पूर्व मृतक महिला के दो सीजेरियन आपरेशन से डिलेवरी हुई थी यह मालूम होते हुऐ भी डाक्टर हेमंत कंसल ने एलटीटी आपरेशन के दौरान 10 एमएल सीओ2 डालनी चाहिये थी लेकिन 02 एमएल सीओ2 डाली थी। जिससे मृतिका लक्ष्मीबाई की मृत्यु हुई है। साथ ही डाक्टर हेमंत कंसल ने जाँच प्रतिवेदन में क्रमांक 1 से 7 तक नियम बिन्दुओं का पालन नही किया। जो घोर लापरवाही (उपेक्षा) कर मानव अपराधिक वध होना पाया गया है। घटना 29 दिंसबर 2023 शुक्रवार रात करीब 9 बजे की है। घटना से नाराज परिजन ने उमरबन के सरकार अस्पताल में हंगामा कर डॉक्टर के साथ मा दिया था।साथ ही ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है।

**धारा 304 के नियम प्रावधान**

आपको बता दें भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत गैर इरादतन हत्या का केस चलता है। इस मामले में अगर कोई



आरोपी दोषी पाया जाता है, तो अपराध की गंभीरता के आधार पर उसे आजीवन कारावास भी हो सकता है। आपको बता दें हत्या के सभी अपराध गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आते हैं।

ऑपरेशन टेबल पर हुई महिला की मौत सीएमएचओ एनएस गेहलोद ने बताया, इंदौर के निजी अस्पताल करुणा मैटरनिटी नर्सिंग होम का अनुबंध सरकार से है। यहां के डॉक्टर बाकानेर और नालछा ब्लॉक में महीने में एक बार कैंप लगाकर ऑपरेशन करते हैं। 29 दिसंबर शुक्रवार को 86 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। शिविर में आखिरी ऑपरेशन लक्ष्मीबाई बघेल का हो रहा था। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मनावर सिविल अस्पताल में डॉक्टर पैनल डॉ. मोनिका चौहान, डॉ. सुनील कुरील और डॉ. वीरेन्द्र धारवे ने शव का पोस्टमॉर्टम किया था।

**भाई ने की थी डॉक्टरों पर एफआईआर की मांग**

मृतक लक्ष्मी बघेल के भाई धर्मेंद्र चौहान ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर केस दर्ज करवाने की मांग की है। धर्मेंद्र ने बताया कि उमरबन के पास सुराणी में जीजा की छोटी किराना की दुकान है। बहन की शादी 2016 में हुई थी। उसके एक बेटा आयुष (2) और एक बेटी सोनाली (1) की है। दोनों बच्चे ऑपरेशन से हुए थे।29 दिसंबर शुक्रवार को ऑपरेशन के पहले बहन जीजा और घरवालों से बात कर रही थी। सोनाली को पास में बैठाकर खिला रही थी। उमरबन के शिविर में 86 महिलाओं के ऑपरेशन होने थे। लक्ष्मी का नंबर सबसे आखिरी था।

इंजेक्शन लगाने बाद बेहोश हुई महिला घटना वाले दिन महिला का ऑपरेशन करने वाले इंदौर के डॉक्टर हेमंत कंसल का कहना है कि वह 12 साल से नसबंदी का ऑपरेशन कर रहे हैं। महिला लक्ष्मीबाई बघेल की दो बार ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी। ऐसे में ऑपरेशन करने में रिस्क होती है। इसलिए महिला को आखिरी में बुलाया था। पहले महिला को इंजेक्शन लगाया तो उसने थोड़ी देर बाद आंखें बंद कर ली। काफी कोशिश के बाद भी उसको होश नहीं आया। उसके बाद मौत हो गई। परिजनों को जब इसका पता चला तो हंगामा हो गया था।

**स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है सुविधाएं**

जनपद मुख्यालय उमरबन में करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया था। इस भवन का डिजिटल लोकार्पण 6 मार्च 2023 को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया था। उमरबन के आसपास करीब 30 ग्राम पंचायत जंगल में हैं। सीएचसी में लैब की सुविधा नहीं होने से मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। एक्स-रे, सोनोग्राफी, खून व पेशाब सहित अन्य बीमारियों के इलाज के लिए धामनोद, मनावर, बड़वानी, धार भेजा जाता है। साथ ही उमरबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पोस्टमॉर्टम कक्ष भी नहीं है। परिजन को पोस्टमॉर्टम कराने 30 किलोमीटर दूर मनावर ले जाना पड़ता है।



## देश में बेरोजगारी बहुत बड़ा मुद्दा है हमारी सरकार बनी तो एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगेः तेजस्वी यादव उप मुख्य मंत्री बिहार

**मधुबनी।** मधुबनी जिला के झंझारपुर लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी श्री सुमन कुमार महासेठ के पक्ष में धनिक लाल मंडल उच्च विद्यालय लौकहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बिहार के युवा जिलों की धड़कन बिहार में रोजगार सृजन करता युवाओं की उम्मीद बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी की सभा में भाग लेते बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रोफेसर उमाकांत यादव एवं अन्य महागठबंधन के साथी जय राजद तय राजद नहीं चाहिए मुझे जुमले बाजो की सरकार मुझे चाहिए रोजगार देने वाली सरकार मुझे चाहिए संविधान बचाने वाली सरकार मुझे चाहिए गरीबों की सरकार जनता मालिकों से आग्रहछ है कि सात तारीख को ईवीएम मशीन का छ नंबर का बटन दबाकर महागठबंधन प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह लेडिज पर्स छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाएंगे मोका पर मधुबनी बिधायक समीर कुमार महासेठ, डॉक्टर सांसद फैयाज अहमद बिधायक भरत भाषण मंडल वगैरह मौजूद थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोनः 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# लाइसेंस धारक जल्द से जल्द जमा कराए हथियार : चौकी प्रभारी

## चुनावों को लेकर दिया निर्देश

मुंबई हलचल/संवाददाता

**पटौदी।** शहर चौकी इंचार्ज सज्जन सिंह ने आम चुनाव को लेकर लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंस हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही गुरुग्राम जिले के सभी थानों में लाइसेंस हथियार जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर पटौदी चौकी प्रभारी सज्जन सिंह ने लाइसेंस धारकों को यह भी कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी पुलिस थाने में जल्द से जल्द जमा कराएं। अन्यथा शस्त्र जमा न करने की सूरत में उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चौकी इंचार्ज सज्जन सिंह ने क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंस हत्यार है उन सभी के हत्यार को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने में जमा कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। चौकी इंचार्ज सज्जन सिंह क्षेत्र की जनता से भी अपील की है कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का षड्यंत्र रचने की जानकारी उसके पास है तो इसकी जानकारी तुरंत अपने निकटवर्ती थाना या मुझे सीधे फोन पर दे सकते हैं सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा।





★ भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना, मनसे, आर.पी.आई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, एवं रा.स.प महायुति के उम्मीदवार एड श्री उज्वल निकम जी का कलिना विधानसभा में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर माननीय आमदार भाजपा मुंबई अध्यक्ष श्री आशीष जी शेलार, माननीय आमदार पराग जी अलवणी (भाजपा), नगरसेवक उत्तर मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष भाजपा श्री सुषम जी सामंत, मुंबई उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह जी, भाजपा नेता अशोक सिंह जी, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रकांत जी मोरे, उत्तर मध्य मुंबई पंजाबी सेल अध्यक्ष श्री लीडर सिंह जी, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र शुक्ला जी, वार्ड अध्यक्ष दिनेश अमीन जी, भाजपा एवं महायुति के अनेक कार्यकर्ता ने अबकी बार 400 के पार का संकल्प लिया।

# ईद मिलन कव्वाली प्रोग्राम गीता विकास स्कूल ग्राउंड गोवंडी मुंबई में संपन्न




मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** 28 अप्रैल 2024 रविवार के दिन ईद मिलन कव्वाली प्रोग्राम रखा गया कारगिल चौक, गीता विकास स्कूल ग्राउंड गोवंडी मुंबई 43 में कव्वाली प्रोग्राम अयोजित किया गया पूर्व नगरसेवक वार्ड क्रमांक 130/138 मो. सिराज शेख जी और मशहूर कव्वाली दानिश साबरी जी द्वारा कव्वाली मे रंग डाला गया इस कव्वाली प्रोग्राम में उपस्थित रहे। सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), मो. शोएब खान और सभी गोवंदी की आम जनता और बहुत से समाजसेवक और नेता भी मौजुद रहे इस कव्वाली प्रोग्राम गोवंडी मुंबई।

# केंद्र सरकार के फैसलों से विश्व में बज रहा भारत का डंका

मुंबई हलचल/संवाददाता

**कानपुर।** भाजपा की केंद्र सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में विगत दस वर्षों में जो ऐतिहासिक काम किए है उससे पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है।मोदी सरकार के इन फैसलों ने पूरे विपक्ष को बैकफूट पर ला दिया है। आगामी 4 जून के चुनाव नतीजे विपक्ष को कोमा मे पहुंचा देंगे। उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने कही। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के किदवई नगर विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रविवार को साकेत नगर स्थित अमन पैराडाइज मे पूरे विधी विधान से मंत्रोच्चारण के साथ प्रमुख आचार्यों के सानिध्य में किया गया। उद्घाटन के इस अवसर पर जय श्रीराम के गगनभेदी नारे पूरे समय तक गूजंते रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने इंडी गठबंधन पर जमकर जुबानी प्रहार किए उन्होंने कहा कि 2014 से पूर्व हर तरफ भ्रष्टाचार, नक्सलवाद, आतंकवाद अपने चरम पर था।जम्मू कश्मीर में धारा 370 अलगाववादियों का सुरक्षा कवच बन गयीं थी।यह धारा दीमक की तरह सी थी



जो देश का नुकसान कर रही थी। मोदी सरकार ने एक झटके में इसें हटा दिया। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले ने विपक्ष को बिल्कुल स्तब्ध सा कर दिया। यही नही तीन तलाक को खत्म कर मुस्लिम बहनो को नरक से मुक्ति दिलाई।

उन्होंने आव्हान किया कि घर घर से मतदाता निकालने का कार्य हम चुनाव के दिन करे। भाजपा लोकसभा प्रभारी राम शरण कटियार ने कहा कि यहां पर उपस्थित सभी देवतुल्य कार्यकर्ता स्वयं को लोकसभा प्रत्याशी मानकर अपने क्षेत्र एवं मोहल्ले में प्रत्याशी रमेश अवस्थी का प्रचार प्रसार कर शत प्रतिशत मतदान करने का प्रयास करें। कार्यकर्ता रमेश अवस्थी को भारी रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। प्रत्याशी रमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, रामदेव शुक्ला,सह प्रभारी अजय कपूर, पूर्व मेयर रविन्द्र पाटनी, कौशल किशोर दीक्षित, विधायक महेश त्रिवेदी, सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, भूपेश अवस्थी,डा.वीना आर्या पटेल, गणेश शुक्ला, संजय दूबे, राजू बाजपेयी, योगेंद्र सिंह, अशोक द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सूर्यपाल यादव आदि ने हवनकुण्ड की प्रज्वलित अग्नि मे अपनी आहुतियां समर्पित की।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### अजमेर में मस्जिद के अंदर मौलाना का कत्ल

मौलाना मोहम्मद माहिर बच्चों के साथ मस्जिद में बने कमरे में सो रहे थे। अलसुबह अंदर रहने वाले बच्चे चिल्लाते हुए आए तो आसपास के लोगों को पूरे मामले का पता चला। अब तक की जानकारी में सामने आया है की मस्जिद के पीछे के रास्ते से तीनों बदमाश घुसे और फिर हत्या करके फरार हो गए। जब मौलाना के साथ बदमाशों ने मारपीट की तो मौलाना चिल्लाए जरूर लेकिन खुद को बदमाशों से खुद को बचा नहीं पाए। आपको बता दे कि मस्जिद में वर्तमान में ज्यादातर बच्चे तो ईद के कारण घर पर गए हुए थे। वही मौलाना को 6 महीने पहले ही मुख्य मौलाना की जिम्मेदारी दी गई थी। मौलाना वैसे तो उत्तर प्रदेश के रामपुर के रहने वाले हैं लेकिन 7 साल से यहीं पढ़ाने का काम कर रहे हैं। उसके बाद 2 दिन पहले ही वे अजमेर वापस आए थे। मौलान की हत्या क्यों की गई है? इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### मुंबई सीएसएमटी स्टेशन पर पटरी से उतरी लोकल ट्रेन की बोगी

मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि पनवेल से सीएसएमटी आ रही एक लोकल ट्रेन की एक बोगी की ट्रॉली सुबह करीब 11 बज कर करीब 35 मिनट पर प्लेटफॉर्म संख्या दो पर पहुंचते ही पटरी से उतर गयी। उन्होंने बताया कि प्रभावित बोगी में यात्रियों को चोटें आने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि ट्रेन के बेपटरी होने से हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं और सीएमएमटी आने वाली ट्रेनों का मार्ग मस्जिद स्टेशन की ओर परिवर्तित किया गया। सेंट्रल रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि हार्बर लाइन पर सेवाएं वडाला स्टेशन तक चालू रहेंगी। पटरी की मरम्मत की जा रही है और मुख्य लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं है। आपको बता दें कि अक्टूबर से अभी तक लोकल ट्रेन के पटरी से उतरने की ये तीसरी घटना है।

### बेस्ट डिपो की जमीन अडानी के जेब में!

डीआरपी के प्रतिनिधियों ने इस परियोजना के लिए दोनों डिपो को अपने कब्जे में लेने के लिए बेस्ट से संपर्क किया था। बता दें कि डीआरपी अडानी ग्रुप और राज्य सरकार का एक संयुक्त उद्यम है। शुक्रवार को इस योजना का कड़ा विरोध करते हुए सबसे बड़ी कर्मचारी यूनियन बेस्ट वर्कर्स यूनियन ने इस मुद्दे पर विरोध की धमकी भी दी थी। अधिकारी ने कहा कि बस सेवा मुंबई के लोगों के लिए है। वास्तव में हमें रोजाना होने वाली भीड़ को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अधिक डिपो और बसों की आवश्यकता है।

### भीषण गर्मी के लिए रहो तैयार

मुंबई के अलावा ठाणे और रायगढ़ के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। शनिवार से ही गर्मी ने उग्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था। रविवार को तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। सुबह 10 बजे से ही चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया।



400 टर्मिनल गेट और 5 रनवे की होंगी सुविधाएं

नाम है 'अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा'

एयरपोर्ट की 26 करोड़ यात्रियों तक की क्षमता

यह दुबई हवाई अड्डे के आकार से 5 गुना बड़ा

एयरपोर्ट बनाने का काम 2013 में हुआ था शुरू

# दुबई में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

मुंबई हलचल / दुबई

बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। इसका नाम अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से एक नए यात्री टर्मिनल बनाने को मंजूरी दे दी है। इसमें पांच समानांतर रनवे और 400 विमान द्वार होंगे। दुबई का नया एयरपोर्ट विकास के नए द्वार खोलेगा और व्यापार और टूरिज्म के क्षेत्र में ये नया ग्लोबल सेंटर बनकर उभरेगा। बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम 2013 से ही शुरू कर दिया गया था।





## दुबई की स्थिति और होगी मजबूत

*दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर साबित होगा। दुबई मीडिया कार्यालय ने दुबई एयरपोर्ट्स के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के हवाले से कहा कि यह कदम विश्व मंच पर अग्रणी विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करेगा।*

## डिजाइन में बदलाव से बढ़ी यात्रियों की संख्या

*बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम संयुक्त अरब अमीरात ने 2013 में शुरू किया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीक की मदद से इसे दोबारा डिजाइन किया जा रहा है। पुराने डिजाइन के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता करीब 10 करोड़ यात्रियों की बताई गई थी, जबकि अब इसे 26 करोड़ तक बढ़ाया गया है।*

## इसी वर्ष 8.82 करोड़ यात्री आने की उम्मीद

*दुबई एयरपोर्ट के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के मुताबिक, वह ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट में निवेश बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं। एक पूर्वानुमान के मुताबिक, 2024 में इस हवाई अड्डे से 8.82 करोड़ और 2025 में 9.38 करोड़ यात्रियों के यात्रा करने की उम्मीद है।*

# जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।




## सुबह मिली हवाई अड्डे पर बम की सूचना

दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर बम पर बम होने की सूचना मिली। हवाई अड्डे के निदेशक एसवीटी धन्मजय राव ने कहा कि उनके कार्यालय को सुबह हवाई अड्डे पर बम होने के बारे में एक ईमेल मिला। हम अब अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हवाईअड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ता भी एयरपोर्ट पर मौजूद है। हम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे हैं।

## एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को अज्ञात व्यक्ति ने भेजा ई-मेल

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से गहन जांच की। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोती लाल ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल भेजा गया था। हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी तरह की धमकी 26 अप्रैल को भी दी गई थी।


# हजरत मामू भाणेज दरगाह पर चादर पेश कर मांगी दुआएँ

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमन्द।** राजनगर विश्व प्रख्यात हजरत मामू भाणेज बादशाह र .अ. राजनगर के 377 वा उर्स मुबारक के पुरनूर मौके पर मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख मोहतरमा फरहीन यूनुस शैख, राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान खान गाजियाबाद एवम राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार की अनुसंशा पर चादर पेश की गई जिसमें ईस्माइल खान पठान उदयपुर,सय्यद इम्तियाज अली,इल्फांन मास्टर,बाबू खान,सलमा खान,अंजुम खान,सदाकत हुसैन,सय्यद चाँद अली,प्पन अली,सरफराज खान पठान आदि गणमान्य पदाधिकारी चादर में शिरकत हुए बाबा साहेब को फातिहा ख्वानी कर मुल्क में अमन चैन के वास्ते दुआएं मांगी गई।



## मंगल गृह पर मकड़ियां... तस्वीर से दुनिया हैरान



*लंदन। मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर हजारों मकड़ियां देखी गई हैं। इन मकड़ियों की तस्वीर यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर में लगे कलर एंड स्टीरियो सरफेस इमेजिंग सिस्टम ने ली है। इस तस्वीर ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल, वंसत के मौसम में जब सूरज की किरणें मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पड़ती हैं, तब वहां सर्दियों में जमा हुई कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) इस तरह की मकड़ियों जैसा आकार ले लेती हैं। सूरज की रोशनी कार्बन डाईऑक्साइड की निचली परत को पिघलाती है, तो ऊपर की परतें इस तरह से आकृतियां बनाती हैं, जैसे मकड़ी हो। हर साल सर्दियों के बाद मंगल पर ये मकड़ियां दिखती हैं।*

26 हजार शिक्षकों की भर्ती: फैसला 6 को

# बंगाल शिक्षक भर्ती में सीबीआई जांच के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय के शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठपीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के उस फैसले को



सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब 6 मई को सुनवाई करेगी।

चारधाम मार्ग पर वाहनों के लिए लोगों को मिलेंगी खास सुविधाएं

# हर 30 किमी पर बन रहे 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उत्तराखंड में शुरू हो रहे चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धाम जाने में श्रद्धालुओं की मुश्किलों को कम करने के लिए खास प्रबंध किया जा रहा है। इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी। उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कॉमर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे।

## यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी



## 10 मई से होगी यात्रा की शुरुआत

चार धाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## यात्रा की शुरुआत के पहले चालू हो जाएंगे प्वॉइंट

चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर 30 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। मार्गों पर बैटरियों की क्षमता तय है।

## यात्रा की लंबाई करीब 900 किलोमीटर

विश्व प्रसिद्ध चारधाम रूट की लंबाई लगभग 900 किमी से ज्यादा है। इससे पहले चार्जिंग प्वाइंट न होने से इलेक्ट्रिक वाहन स्वामी और वाहन चालक लंबा सफर करने से हिचकते थे, अब चार्जिंग स्टेशन बनने से चारधाम की यात्रा सुगम और सरल होगी। मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इन स्टेशन की स्थापना के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

# नैनीताल के जंगलों में आग का धधकना जारी, गांव तक पहुंची वनाग्नि, धुंध ने बढ़ाई परेशानी



**मुंबई हलचल / संवाददात**

**पिथौरागढ़।** जिले में कुछ स्थानों पर जंगल की आग विकराल हो चुकी है। यहां सिलोनी ग्राम पंचायत के तोक नासूल में वनाग्नि की चपेट में दो परिवारों के संयुक्त मकान आ गया। जिला मुख्यालय से पहुंची दमकल टीम ने समय रहते भीषण आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस बीच मकान की छत व घास के ढेर जल गए। शनिवार देर सांय तहसील पिथौरागढ़ के दूरस्थ गांव सिलोनी में जंगल की आग के गांव तक पहुंचने और दो परिवारों के संयुक्त मकान के आग की चपेट में आने की दमकल विभाग को सूचना मिली। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में दमकल टीम गांव को रवाना हुई। गांव पहुंचने पर देखा कि जंगल की आग गांव के नासूल तोक पहुंच चुकी है। वनाग्नि की चपेट में आने से खिलानंद जोशी और देवेंद्र जोशी के पुरानी शैली में बने मकान में आग लग गई थी। फायर यूनिट द्वारा तत्काल एमएफई से पंपिंग कर आग को बुझाया। आग से भवनस्वामियों की मकान की छत और सूखी घास नष्ट हो गई। दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पाए जाने से संयुक्त मकान राख होने से बच गया। इसके बाद दमकल कर्मियों द्वारा वनाग्नि की घटनाओं कीर रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्रामीणों को किसी भी तरह की आग की घटना होने पर तत्काल 112 नंबर के माध्यम से फायर ब्रिगेड को सूचना देने को कहा गया। सोमवार को मौसम दिनभर रंग बदलता रहा। सुबह की शुरूआत बादलों से हुई। दिन में बादल छट गए। हालांकि जंगलों की आग की वजह से पर्वतीय क्षेत्र में धुंध छाई रही। जंगलों की आग व धूप की वजह से तापमान में तेजी आई है। सोमवार को चंपावत जिला मुख्यालय का अधिकतम तामपान 27.7 डिग्री व न्यूनतम 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा। टनकपुर का अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 39.4 डिग्री व 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन पिथौरागढ़ व बागेश्वर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी और चंपावत समेत शेष कुमाऊं में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। गनाई, ग्वेलचौड़ा, बौनीगाड़, पीपलधार, जमणियां, रामपुर, नागाड़, गड़स्यारी, नौगांव, बसीगाड़, मिरई व तड़ागताल समेत आसपास के जंगलों में रविवार दोपहर बाद आग लग गई। जो तेज लपटों के साथ आगे बढ़ती चली गई। देर रात तक जंगल जलते रहे।

- वैश्विक बाजारों में मजबूती का रहा असर
- बैंकों और ढांचागत शेयरों में रही तगड़ी खरीदी
- कंपनियों के तिमाही नतीजे सकारात्मक रहे

### निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया

# तगड़ी खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

## बैंकिंग शेयरों को मिली रफ्तार

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में लगभग पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये हो जाने से इसके शेयरों को रफ्तार मिली।

## ये शेयर रहे लाभ में

इसके अलावा इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त लेने में सफल रहे।

## इन शेयरों में रही गिरावट

हालांकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे निवेशकों का उत्साह जगाने में नाकाम रहे और कंपनी के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। इसके अलावा आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट का रुख रहा।

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

## अमेरिकी कंपनियों के नतीजे बेहतर आए

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बांड प्रतिफल में गिरावट आने से घरेलू स्तर पर बाजारों में तगड़ी उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया।'

## एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत गिरकर 89.04 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



## पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ा

नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97 प्रतिशत और स्मालकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## बीएसई को 165 करोड़ का बिल, शेयर में बड़ी गिरावट

बीएसई के शेयरों में तेजी सोमवार को उस समय रुक गई जब बाजार नियामक सेबी ने एक्सचेंज को टर्नओवर के आधार पर रेगुलेटरी फीस का भुगतान करने के लिए कहा, न कि प्रीमियम टर्नओवर के आधार पर। बीएसई के शेयर सोमवार को 13.31 प्रतिशत गिरकर 2,783.00 रुपए के लेवल पर क्लोज हुए।

## जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है

स्टॉक एक्सचेंज द्वारा की गई प्रारंभिक गणना से पता चलता है कि इससे 165 करोड़ रुपए और जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है। ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट की अनुमानित वैल्यू पर विचार करते हुए वार्षिक कारोबार के आधार पर वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2022-23 तक कुल अंतर सेबी नियामक फीस लगभग 68.64 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी होगा, जिसमें 30.34 करोड़ रुपए का ब्याज शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सेबी रेगुलेटरी फीस लगभग 96.30 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी हो सकता है।

# नींबू के छिलके को न समझे बेकार, इससे लें ढेरो फायदे

गर्मियों में लोग नींबू का अधिक सेवन करते हैं। पौष्टिक गुणों से भरपूर नींबू शरीर को कई बीमारियों से दूर रखता है। अक्सर हम नींबू के छिलके को बेकार समझकर कूड़े में फेंक देते है लेकिन इसका छिलका भी बहुत फायदेमंद है। नींबू का छिलका वजन घटाने में मददगार है। इसमें पेक्टिन नामक तत्व पाया जाता है जो शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को तेजी से कम करता है। अगर आप मोटापे से छुटकारा पाना चाहते है तो इसका सेवन करें।



## नींबू के छिलके के फायदे

**तनाव**

आजकल हर तीसरा व्यक्ति तनाव से ग्रस्त है। तनाव से छुटकारा पाने के लिए नींबू का छिलका सबसे बैस्ट है। इसमें मौजूद फ्लेवोनॉयड तनाव को दूर करने में मदद करता है।

**कैंसर**

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए नींबू के छिलके काफी फायदेमंद है। इसमें मौजूद तत्व कैंसर की कोशिकाओं से लड़ने में मददगार है।

**मजबूत दांत**

नींबू के छिलकों में 10 नींबू के रस से 10 गुना ज्यादा विटामिन और कैल्शियम पाया जाता है। इसका इस्तेमाल करने से दांतों से जुड़ी कई परेशानियां दूर होती है।

**दिल को रखें स्वस्थ**

पोटेशियम से भरपूर नींबू का छिलका ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है। यह हार्ट अटैक और डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचाता है।

**ग्लोइंग स्किन**

नींबू के छिलके से आप स्किन संबंधित समस्याओं को दूर कर सकते है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण त्वचा को निखारने में मदद करते है।



# बहरेपन को ठीक करने में बेहद कारगर हैं ये देसी नुस्खे

बहरेपन की समस्या कुछ लोगों को बचपन से होती है और कुछ की किसी दुर्घटना या फिर अपनी लापरवाही जैसे ज्यादा देर ईयरफोन लगा कर म्यूजिक सुनना, नहाते समय पानी कान में चले जाना, घर पर कान की सफाई करना, कान में कड़ा मैल जमने आदि के कारण सुनने की शक्ति खत्म हो जाती है। कभी-कभी बढ़ती उम्र में भी बहरेपन की समस्या होने लगती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों का सहारा लेकर भी इससे छुटकारा पा सकते हैं।

**1. सरसों का तेल और धनिया**

बहरेपन से छुटकारा पाने लिए सरसों के तेल में धनिए के बीज डाल कर इसे पकाएं। जब तेल जल कर आधा रह जाए तो इसे छान लें। फिर इसे ठंडा करके कान में डालें।

**2. सफेद प्याज**

सफेद प्याज के अर्क को दिन में तीन बार डालने से बहरेपन से राहत मिलती है। इस उपाय को 2-3 महीने तक करें।

**3. गाय का दूध**

गाय के दूध में 1 चुटकी हीरा हींग डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं और इसे 2 बार कान में डालें।

**4. लहसुन**

लहसुन में बहुत सारे औषधीय गुण पाए जाते हैं। बहरेपन की समस्या में इसे प्रयोग में लाने के लिए लहसुन की 7-8 कलियां छील कर 100 ग्राम सरसों के तेल में पकाएं। फिर इस तेल को ठंडा करके बूंद-बूंद करके कान में डालें।

**5. मूली का रस**

बहरेपन से राहत पाने के लिए सरसों के तेल में थोड़ा-सा मूली का रस मिलाएं और इसे इस्तेमाल करें।

**6. बेल और अनार के पत्तों का रस**

इस उपाय को करने के लिए 1-1 चम्मच बेल और अनार के पत्तों का रस दोनों मिलाकर 100 ग्राम सरसों के तेल में डाल कर तब तक पकाएं जब तक तेल आधा न हो जाए। फिर इसे आंच से हटा कर छान कर शीशी में रखें और इस्तेमाल करें।



# झड़ते बाल और पिंपल्स से छुटकारा दिलाएगा करी पत्ता

करी पत्ते का इस्तेमाल हर घर की रसोई में खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है लेकिन इसमें ऐसे विटामिन्स पाए जाते हैं, जो स्किन और बालों के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। अगर आप टूटते-झड़ते बालों, डैंड्रफ, पिंपल आदि ब्यूटी प्रॉब्लम्स से परेशान है तो आप करी पत्ते से इन समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। आज हम आपको करी पत्ते के फायदे और इसे इस्तेमाल करने का तरीका बताएंगे, जिससे आपको बहुत जल्दी फायदा दिखने लगेगा।

**1. पिंपल से पाए छुटकारा**

करी पत्ते के इस्तेमाल से पिंपल और इसके मार्क्स से राहत मिलती है। इसके पेस्ट को लगाने से एक्ने-प्रोन एरिया को आराम और ठंडक मिलती है। इसे लगातार लगाने से पिंपल्स मार्क्स भी खत्म हो जाते हैं। इसका पेस्ट बनाने के लिए करी पत्ते को धो कर पेस्ट बना लें और फिर इसमें लेमन जूस मिलाएं। फिर इसे 10 मिनट तक प्रॉब्लम वाली जगह पर लगाएं और फिर चेहरे को धो लें।

**2. फाइन लाइन से मिलें राहत**

फाइन लाइन और ग्लोइंग चेहरे के लिए करी पत्ते का फेस पैक बहुत फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए करी पत्ते को धूप में सूखा लें। फिर इसे पीस कर पाउडर बनाएं। अब इसमें मुलतानी मिट्टी, गुलाब जल और कोई भी तेल अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस पैक को चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद चेहरा धोएं।

**3 झड़ते बालों और डैंड्रफ से मिलें छुटकारा**

टूटते-झड़ते बालों और डैंड्रफ में राहत पाने के लिए करी पत्ता बहुत कारगार उपाय है। इसे इस्तेमाल करने के लिए करी पत्ते को दूध में पीस कर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को सिर के स्कैल्प पर 15-20 मिनट तक लगाएं। इसके बाद बालों धो लें।

**4. सफेद बालों को बनाए काला**

अगर आप समय से पहले सफेद होने वाले बालों से परेशान है, तो करी पत्ते का तेल बना कर इस्तेमाल करें। इसे बनाने के लिए नारियल तेल को गर्म करके उसमें साफ और सूखें करी पत्ते मिलाएं और इसे तब तक गर्म करें जब तक पत्तों का रंग न बदल जाएं। फिर इसे ठंडा करके अपनी उंगलियों से पत्तों को तेल में मैश करें। अब इसे छान कर पत्तों से अलग कर दें। अब इस तेल को बालों की जड़ों तक लगाएं। इससे बाल काले और मजबूत होंगें।



# यह खाना औरतों को बना सकता है उम्र भर के लिए बांझ

प्रेग्नेंसी में बच्चे और मां की सेहत का खास ख्याल रखने के लिए पौष्टिक आहार की खास जरूरत होती है। पौष्टिक आहार में फल बहुत महत्वपूर्ण हैं जो शरीर में विटामिन,मिनरल्स और खनिज पदार्थों की कमी को पूरे करते हैं। वहीं कुछ महिलाओं को फल खाना पसंद नहीं होता और वह हैल्दी फूड्स की बजाए टेस्ट को ज्यादा महत्व देती हैं, जिसमें जंक फूड यानि पिज्ज,बर्गर,फ्रेंच फ्राइस आदि शामिल हैं। इन फूड्स का सेहत पर तो बुरा असर पड़ता ही है लेकिन इससे प्रेग्नेंट होने के चांस भी कम हो जाते हैं। यह बात हाल ही में एक रिसर्च में साबित हुई है कि फास्ट फूड में ऐसे केमिकल होते हैं, जिनसे कई हार्मोन्स ज्यादा बनने लगते हैं और वजन बढ़ने लगता है। जो प्रेग्नेंसी में रूकावट पैदा करता है, जिससे गर्भ धारण करने में परेशानी पैदा होती है। ज्यादा समय तक हॉर्मोस की यह परेशानी आने से बांझपन की समस्या बढ़ जाती है। वहीं जो महिलाएं जंक फूड अवॉइड करके बेरी,नट्स,हरी पत्तेदार सब्जियां,अंजीर,बींस आदि को अपने आहार में शामिल करती हैं, उन्हें इन चीजों में एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्त्रोत मिल जाता है। जिससे फर्टिलिटी बढ़ती है और गर्भावस्था की परेशानियां कम हो जाती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ऐश्वर्या- अभिषेक दूसरे बच्चे की वजह से हो सकते हैं अलग?



**ऐश्वर्या राय** और अभिषेक बच्चन बॉलीवुड के फेमस कपल में से एक माने जाते हैं। कपल 2007 में शादी के बंधन में बंधे थे। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की एक प्यारी सी बेटी आराध्या बच्चन है। ऐश्वर्या राय ने आराध्या बच्चन को 38 साल की उम्र में जन्म दिया था। इस उम्र में मां बनने पर अक्सर महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से कपल के बीच अनबन की खबरें थीं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के बीच अनबन होने की वजह सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अभिषेक बच्चन अपना दूसरा बच्चा चाहते हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की शादी के 17 साल के बाद एक ही बेटी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि एक्टर के दूसरे बच्चे की चाहत उनके शादीशुदा जिंदगी में अनबन पैदा कर रही है। भिषेक बच्चन ने सालों पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि वो अपनी जिंदगी में 2 बच्चे चाहते हैं। अभिषेक बच्चन ने कहा था कि वो और उनकी बहन श्वेता बच्चन भी दो भाई बहन हैं इसलिए वह चाहते थे कि उनके भी दो बच्चे हों, एक बेटा और एक बेटी। ये आइडिया उन्हें खुद को और बहन श्वेता को देखकर ही आया है। अभिषेक ने इंटरव्यू में कहा था – मैं चाहता था कि मुझे एक बेटी हो जो बिल्कुल अपनी मां ऐश्वर्या राय की तरह दिखने में हो और एक बेटा हो जो कि बिल्कुल मेरी तरह दिखे।



# जब करीना कपूर ने विद्या बालन के वजन पर मारा था ताना

**बॉलिवुड** सितारे कई बार एक–दूसरे के बारे में ऐसे कॉमेंट्स कर देते हैं जो सुर्खियां बन जाते हैं। करीना कपूर और विद्या बालन के रिश्ते कभी अच्छे नहीं रहे हैं। एक बार करीना कपूर ने विद्या बालन की खिंचाई करते हुए उनके बढ़े वजन का मजाक बना दिया था। करीना का विद्या पर यह कॉमेंट हेडलाइन बन गया था और आज भी लोग इसे भूले नहीं है। विद्या बालन ने साल 2011 में आई अपनी फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के लिए काफी वजन बढ़ा लिया था। फिल्म में उन्होंने सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था। लगभग इसी समय करीना कपूर अपनी फिल्म 'टशन' की शूटिंग भी कर रही थीं जिसमें उनका जीरो फिगर काफी चर्चा का विषय बन गया था। एक इवेंट में करीना ने विद्या पर ताना मारते हुए कहा था, 'मोटा होना सेक्सी होना नहीं होता। जो भी ऐसा कहता है बकवास करता है। कर्वी होना सेक्सी है लेकिन मोटा होना नहीं। जो भी महिला कहती है कि दुबली नहीं होना चाहती वह बकवास कर रही है। यह हर एक लड़की का सपना होता है।' करीना यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने आगे कहा, 'हो सकता है कि यह कुछ ऐक्ट्रेस के लिए ट्रेंड हो लेकिन निश्चित तौर पर मैं मोटा नहीं दिखना चाहती हूं।' करीना के इस कॉमेंट पर विद्या बालन ने भी पलटवार किया था। उन्होंने कहा, 'यह 'द डर्टी पिक्चर' गंदा नहीं हो सकता। वे लोग एक 'हिरोइन' बना सकते हैं लेकिन कोई भी 'द डर्टी पिक्चर' नहीं बना सकता।' बता दें कि साल 2012 में करीना कपूर की फिल्म 'हिरोइन' रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी थी। विद्या का कॉमेंट इसी फिल्म के ऊपर था।



# तापसी का खुलास

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस तापसी पन्नू अपनी बेहतरीन एक्टिंग की वजह से जानी जाती हैं। एक्टिंग के अलावा तापसी पन्नू अपने बेबाब अंदाज के लिए भी पहचान रखती हैं। हाल ही में तापसी ने अपने करियर के उस दौर को याद किया है जब हीरो के कहने पर उनके डायलॉग्स बदल दिए जाते थे, या हीरो की पत्नी की वजह से उन्हें फिल्म से ही बाहर कर दिया जाता था। तापसी ने फिल्मफेयर को बताया, मुझे शुरूआत में कुछ अजीब चीजों का सामना करना पड़ा, जो अच्छी नहीं थीं। जैसे मैं बहुत सुंदर नहीं दिखती। मुझे रिप्लेस किया गया क्योंकि हीरो की पत्न ी नहीं चाहती थी कि मैं फिल्म का हिस्सा बनूं। तापसी ने आगे बताया, मैं एक फिल्म की डबिंग कर रही थी, तभी मुझे कहा कि हीरो को मेरे डायलॉग पसंद नहीं हैं, इसलिए मुझे इसे बदलना होगा। मैंने ऐसा करने से इंकार कर दिया, तो मेरी गैर–मौजूदगी में डबिंग आर्टिस्ट से यह काम करवाया गया। उन्होंने कहा, एक बार मुझसे कहा गया कि हीरो की पिछली फिल्म अच्छी नहीं चल पाई तो मुझे अपनी फीस में कटौती करनी होगी, क्योंकि बजट कंट्रोल में रखना है। कुछ हीरो तो ऐसे भी थे जो मेरा इंट्रोडक्शन सीन ही बदलवा देते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनके सीन्स से ज्यादा बेहतरीन है। यह सब उनके सामने हुआ था, पता नहीं पीठ पीछे क्या–क्या होता होगा। तापसी ने कहा, मैंने फैसला किया है कि वे मैं सिर्फ वही फिल्में करेंगी जो मुझे खुशी देती हैं। जब भी कोई लड़की महिला प्रधान फिल्में करती है, तो मेल एक्टर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लीडिंग एक्ट्रेस के तौर पर कास्ट करने में संकोच करने लगते हैं। हालांकि, मेरे लिए यह थोड़ा लंबा और मुश्किल सफर हो सकता है, लेकिन मैं अपने हर दिन को एंजॉय करूंगी।

